सत्यमेव जयते

**राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड**
**प्रेस विज्ञप्ति–2**

**राजभवन देहरादून 14 मार्च, 2023**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में विकासनगर से आये सिख समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर सिख नववर्ष की बधाई दी। राज्यपाल ने भी उन्हें चेत संक्रान्त और नानकशाही के 555वें संवत् की बधाई व शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने सिख नववर्ष के अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने सिख गुरुओं और उनकी शिक्षाओं, बलिदान को याद किया। राज्यपाल ने कहा कि गुरु नानक देव के सबसे महत्वपूर्ण मूलमंत्र एकम ने विश्व और मानवता को एक सूत्र में बांधा। उनकी शिक्षाओं का प्रकाश पूरे विश्व में फैला है।

............0.............